हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
18 जून  2026, समय 18:10

<u>मुख्य समाचार</u>

- केंद्र सरकार इस वित वर्ष में ग्रामीण क्षेत्रों में 26 हज़ार किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण करेगी।
- केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने नीट – यूजी पुनः परीक्षा की तैयारीयों का आकलन किया , अधिकारियों को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से परीक्षा कराने के लिए सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।
- हरियाणा में निर्माण श्रमिकों के नए पंजीकरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोला गया।
- आज श्री गुरु अर्जन देव जि के शहीदी दिवस पर गुरुद्वारों में दीवान सजाए गए।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा – विकसित बहरत की ओर हमारी यात्रा में गुरु साहिब की शिक्षाएं, सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

**********************************************************************

केंद्र सरकार वित्त वर्ष 2026-27 में ग्रामीण क्षेत्रों में 26 हजार किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण करेगी। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और संबंधित ग्रामीण संपर्क पहलों के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण के लिए 18 हजार 900 करोड़ रूपए से अधिक  रुपए आवंटित किए गए हैं।

ग्रामीण सड़क संपर्क परियोजनाओं की प्रगति का आकलन करने के लिए एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण विकास विभाग के सचिव रोहित कंसल ने की। बैठक में विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

राज्यों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और पीएम-जनमन के अंतर्गत लंबित परियोजनाओं पर  तेजी से काम करने का निर्देश दिया गया है, इसमें विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों की बस्तियों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

**********************************************************************

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने रविवार को होने वाली नीट-यूजी पुन: परीक्षा की तैयारियों के आकलन के लिए आज उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उन्होंने परीक्षा प्रकिया में ईमानदारी, पारदर्शिता और दक्षता के उच्च मानकों को बनाये रखने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को स्वतंत्र और निष्पक्ष पुन: परीक्षा आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध  सुनिश्चित करने और सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। बैठक में सुरक्षा उपायों, प्रबंधों और शिकायत निवारण तंत्रों की भी समीक्षा

की गई। शिक्षा मंत्रालय, राज्य सरकारों, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी और उच्च शिक्षा संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया।

*********************************************************************

हरियाणा के श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के निर्माण श्रमिकों के कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने बताया कि निर्माण श्रमिकों के नए पंजीकरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोल दिया गया है। इसके साथ ही उन श्रमिकों की सदस्यता नवीनीकरण प्रक्रिया भी पुनः शुरू कर दी गई है, जो सत्यापन एवं जांच प्रक्रिया के दौरान पात्र पाए गए थे।श्री विज ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि श्रमिक कल्याण योजनाओं का लाभ केवल वास्तविक और पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे तथा व्यवस्था में पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। इसी दृष्टिकोण से पूर्व में प्राप्त शिकायतों एवं अनियमितताओं की जांच के बाद अब संशोधित एवं अधिक मजबूत व्यवस्था के साथ पंजीकरण प्रक्रिया पुनः आरंभ की गई है।

*********************************************************************

आज श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर पंजाब,हरियाणा और चंडीगढ़ के गुरुद्वारों में दीवान सजाए गए और रागी जत्थों ने कीर्तन से संगतों को निहाल किया, गुरुद्वारों में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ के भोग भी डाले गए।

अंबाला  के ऐतिहासिक गुरुद्वारा बादशाही बाग और गुरुद्वारा पंजोखरा साहिब में संगत ने बड़ी संख्या में पहुंचकर गुरु साहिब को नमन किया और उनके दर्शाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।अंबाला शहर के विभिन्न चौकों, बाजारों और प्रमुख मार्गों पर मीठे जल की छबीलें लगाई गईं। कई स्थानों पर गुरु का अटूट लंगर भी बरताया गया।

भिवानी के घंटाघर गुरुद्वारा सिंह सभा में भी शहीदों के सरताज पांचवें गुरु अर्जुन देव के शहीदी गुरुपर्व पर गुरबाणी कीर्तन एवं सुखमनी साहिब के पाठ का आयोजन किया गया,इस अवसर पर मीठे ठंडे पानी की छबील व लंगर की सेवा भी की गई।

*********************************************************************

आज श्री गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर पंचकूला के इन्द्रधनुष ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने छबील सेवा भी की ।

मुख्यमंत्री ने देश व धर्म की रक्षा के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वाले पंचम पातशाह श्री गुरु अर्जुन देव जी के 420 वें बलिदान दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास त्याग, तपस्या, बलिदान और आध्यात्मिक पराक्रम की एक अनवरत यात्रा है। आज विकसित भारत की और हमारी यात्रा में गुरु साहिब की शिक्षाएं देश का मार्गदर्शन कर रही हैं।

उन्होंने कहा की आज पूरा देश गुरु साहिबान को नमन कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गुरुओं की शिक्षाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में बच्चों को स्कूल से ही सिख इतिहास को जाने का मौका मिलेगा।

उन्होंने कहा कि पंचकूला में 24 दिसंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी ने अपने हाथों से दंगा पीड़ित परिवारों के सदस्यों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए थे।हरियाणा सरकार मानव सेवा और पंक्ति में अंतिम व्यक्ति के उत्थान को अपना परम धर्म मानती है। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर एक मजबूत और अखंड समाज का निर्माण करने में सहयोग करना होगा।कार्यक्रम के दौरान श्री गुरु अर्जन देव जि के जीवन पर एक दस्तावेजी फिल्म भी दिखाई गई।

***********************************************************************

केंद्र सरकार गौरवमयी 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जन-कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज जींद के हमेटी परिसर में किसान यात्रा एवं पशुधन संवर्धन सम्मेलन का आयोजन किया गया।

जागरूकता सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह ढुल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में कृषि विभाग के उप-निदेशक डॉ. गिरीश नागपाल सहित जिलेभर के अनेक प्रगतिशील किसान व विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

मीडिया से बातचीत में श्री तेजेंद्र सिंह ढुल ने कहा कि आज की इस बहुआयामी कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना और निरंतर कम हो रहे पशुधन को पुनर्जीवित करना था। कृषि वैज्ञानिकों ने सम्मेलन में किसानों को फसल की

पैदावार बढ़ाने, प्राकृतिक उपचार के माध्यम से बीजों को शोधित करने तथा जैविक कीटनाशक तैयार करने की विधियों सहित बेहद महत्वपूर्ण जानकारियां दी हैं।

'ड्रोन दीदी' जैसी सफल योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि सरकार किसानों को बीज, उपकरण और खाद सामग्री में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसानों से रसायनिक खादों पर निर्भरता कम करके पारंपरिक व प्राकृतिक खादों को अपनाने का आह्वान किया।

कृषि विभाग के उप-निदेशक डॉ. गिरीश नागपाल ने बताया कि विभाग द्वारा विभिन्न प्रगतिशील किसान संगठनों और समुदायक मार्गदर्शकों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूकता लाने के तैयार किया जाता है।

कार्यशाला में किसानों द्वारा तैयार प्राकृतिक उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी भी लगाई गई।

*********************************************************************